तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 23 मई 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

16 आवेदनों को उलझाएंगे, समाधान शिविर ने बदली प्रशासनिक ...



14 नीलामी के बाद भी संग्रहण केंद्र में खराब हो रहा ...



# राष्ट्रीय छात्रवृत्ति के लिए जिले के 68 छात्रों का चयन, जिसमें बेरला के हैं 57

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य परीक्षा के अंतर्गत लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें बेमेतरा जिले में 68 बच्चों का चयन हुआ। उसमें से 57 बच्चे सिर्फ बेरला विकासखंड से उत्तीर्ण हुए हैं।

- जिले के 68 विद्यार्थियों को मिलेगी हर महीने 1000 रुपये की छात्रवृत्ति

विकासखंड बेरला के लिए यह अत्यंत गौरवशाली क्षण है कि विकासखंड बेरला के 57 बच्चों ने उक्त परीक्षा में चयन होकर अपने प्रतिस्पर्धा का परिचय दिया। विकासखंड बेरला के शिक्षक एवं बच्चे स्वयं से प्रेरित होकर कार्य तत्परता पूर्वक संपन्न करते हैं। जिले के 68 बच्चों को नवमी से बारहवीं तक मिलेगी 1000 प्रतिमाह की प्रोत्साहन राशि प्राप्त होगी। गौरतलब है कि यह परीक्षा कक्षा आठवीं में अध्ययन करने वाले पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों को राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता होती है। जिसके अंतर्गत सफल होने पर बच्चों को प्रति माह कक्षा 9वी से लेकर 12वीं तक 1000 की राशि प्राप्त होती है। अतः कुल मिलाकर एक वर्ष में 12000 और 4 वर्षों में 48000 की राशि प्राप्त होती है। जिसके लिए विकासखंड बेरला के विभिन्न विद्यालयों के ▶▶| शेष पेज 15 पर

## राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य परीक्षा में बेरला का स्थान प्रथम



### बच्चों को तार्किक एवं कौशल शिक्षा में परिपक्व करना है उद्देश्य

नई शिक्षा नीति के अनुसार बच्चों को तार्किक एवं कौशल शिक्षा में परिपक्व करना है इस परीक्षा में तार्किक प्रश्नों से बच्चे चुनौती को समझते हैं आने वाले प्रतियोगी परीक्षा के लिए बचपन से ही प्रश्नों के गूढ़ अर्थ को समझते हैं। इस प्रकार यह भविष्य के लिए एक सफल नागरिक बनने की तैयारी करते हैं। शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ती है। केंद्र शासन एवं राज्य शासन की बहुत ही महत्वपूर्ण योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य परीक्षा में सफल होने पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी बेरला जय प्रकाश करमाकर, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक खोमलाल साहू एवं साथ ही साथ सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी अदेशकुमार उईके, नारायण ठाकुर के द्वारा सफल हुए समस्त 57 बच्चों को विकासखंड कार्यालय और विकास स्रोत कार्यालय के ओर से बहुत-बहुत बधाई प्रेषित ▶▶| शेष पेज 15 पर

## खबर संक्षेप

### ऑपरेशन ईगल जारी फरार वारंटी गिरफ्तार



**बेमेतरा।** पुलिस प्रशासन स्थायी वारंटियो को पकड़ने ऑपरेशन ईगल अभियान चला रही है। इसी मुहिम के तहत थाना बेरला स्टाफ ने न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 1541/2021 व धारा 294, 506, 323 भादवि के मामले में फरार चल रहे स्थायी वारंटी आशुगो साहू उर्फ गोलू पिता मेहतर साहू उम्र 35 साल ग्राम सांकरा थाना बेरला निवासी को मुखबिर कि सूचना पर पकड़ा। उपरोक्त वारंटी को न्यायालय में पेश किया गया है।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बेरला निरीक्षक कृष्णकांत सिंह, प्रधान आरक्षक दिनेश मांडवी, आरक्षक टिकेंद्र यादव, प्रीतेश महिलांग एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भुमिका रही।

### बेमेतरा, बेरला और साजा की पंचायतों आज समाधान शिविर

**बेमेतरा।** नगरीय निकायों व ग्राम पंचायतों में सुशासन तिहार के तृतीय चरण में समाधान शिविरों का आयोजन 05 मई से 31 मई के मध्य कलस्टरवार किया जा रहा है। 23 मई बेमेतरा सहित बेरला और साजा विकास खंड के ग्राम पंचायत में शिविर आयोजित होंगे। बेमेतरा विकासखंड के ग्राम बाबामोहतरा में हायर सेकेण्डरी स्कूल, में आयोजित होगा। इस क्लस्टर में बाबामोहतरा सहित 10 ग्राम पंचायत भोईनाभांठा, पिपरभट्ठा, ढारा, छितापार, भैंसा, भनसुली, नवागांव खु., बहेरा कु.. कुसमी शामिल है। वही बेरला में शास. ग्राम पंचायत खुडमुडा में उच्च. मा. शाला में आयोजित होगा। उसमे खुडमुडा सहित 13 ग्राम पंचायत आंनदगांव, चेटुवा, अछोली, बारगांव, जमघट, बलौदीकला, तेलगा, भरदा, मुड़पारकला,, लावातरा ढ़ा, सिलघट (भी), सुरहोली को शामिल किया गया है। इसी प्रकार साजा विकासखंड के सुवरतला (नवागांवगहीरा) के हाई स्कूल, में समाधान शिविर आयोजित होगा। इसमें नवागांव गहिरा सहित 11 ग्राम पंचायत पिपरिया, बीजागोड़, खैरी, केहका, बिरनपुर, ढाप, कोंगियाकला, बोरतरा, भरदालोधी, मासुलगोदी के लोग शामिल होंगे।

### तीस हजार के सोना-चांदी के जेवरात पार

**भिलाई।** मकान के आलमारी से सोना चांदी के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया नेहरू नगर ईस्ट निवासी अन्नू जैन पति सतीश कुमार जैन,सास कमला बाई रात को खाना खाकर अपने कमरे में सो गए। सुबह सोकर उठने पर देखा तो आलमारी खुला पड़ा मिला। अज्ञात ने 30 हजार रुपए के जेवरात पार कर फरार हो गया। सारा सामान बिखरा पड़ा मिला।

## फसलें चौपट, कई गांवों में देर रात रहा अंधेरा, विद्युत कर्मचारी डटे रहे सुधार में

# चक्रवाती तूफान ने मचाई तबाही, बिजली कंपनी को हुआ 1.50 करोड़ का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बुधवार शाम को बेमौसम आए चक्रवाती तूफान ने जिले में तबाही मचाई। शहर से लेकर सुदूर ग्रामीण अंचलों तक तेज आंधी और बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। करीब आधे घंटे तक चली तेज हवाओं ने बिजली और कृषि दोनों क्षेत्रों को खासा नुकसान पहुंचाया। बिजली विभाग के सहायक अभियंता गुलाब साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को आए आंधी-तूफान में विभाग को लगभग 1.5 करोड़ रुपये की क्षति हुई है। तूफान की चपेट में आकर कुल 7 खंभे धराशायी हो गए, साथ ही बिजली की मुख्य लाइनें भी क्षतिग्रस्त हो गईं। बेमेतरा शहर सहित आसपास के इलाकों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई थी। उन्होंने बताया कि कर्मचारी रात 3 बजे तक बिना रुके काम में जुटे रहे। गुरुवार दोपहर तक अधिकांश क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई है, लेकिन कुछ दूरस्थ गांवों में मरम्मत कार्य अभी जारी है।

- 7 खंभे धराशायी, बिजली की मुख्य लाइनें क्षतिग्रस्त, शहर सहित आसपास के इलाकों में बिजली आपूर्ति ठप





### किसानों पर दोहरी मार फसलें हुईं बर्बाद

तेज हवाओं और बारिश से जिले के किसानों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है। केला, पपीता और टमाटर की फसलें तूफान की चपेट में आकर नष्ट हो गईं। खेतों में लगे केले के पौधे उखड़ गए और टमाटर की फसल की तुड़ाई से पहले ही खेतों में गिरकर खराब हो गई। एक किसान ने बताया कि मेरे खेत में पपीते की अच्छी फसल थी, लेकिन तेज हवा ने सारे पौधे गिरा दिए। अब कुछ भी नहीं बचा। वहीं अन्य ने कहा कि टमाटर की फसल में इस बार अच्छी आमदनी की उम्मीद थी, लेकिन तूफान ने सब चौपट कर दिया।

### जनहानि नहीं, लेकिन जनजीवन प्रभावित

इस बार राहत की बात यह रही कि तूफान के बावजूद कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि, कई स्थानों पर पेड़ गिरने से सड़कों पर आवागमन बाधित हुआ। लोग घंटों बिजली और मोबाइल नेटवर्क से कटे रहे। तूफान के बाद बेमेतरा के कई वार्ड में रातभर अंधेरा रहा। कुछ स्थानों पर पेड़ गिरकर घरों की छतें क्षतिग्रस्त कर गए।

### स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने की मुआवजे की मांग

जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित किसानों को तत्काल राहत दी जाए और बिजली आपूर्ति को प्राथमिकता के साथ बहाल किया जाए। उन्होंने कहा कि चक्रवात की स्थिति को देखते हुए इसे आपदा प्रबंधन फंड के अंतर्गत लाकर शीघ्र सहायता दी जानी चाहिए। बेमेतरा में बुधवार शाम आया चक्रवाती तूफान, मौसम की अनियमितता की एक और चेतावनी है। इसने न सिर्फ प्रशासन की तैयारियों की परीक्षा ली, बल्कि किसानों की मेहनत और लोगों की दिनचर्या को भी झकझोर कर रख दिया। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन राहत पहुंचाने में कितनी तत्परता दिखाता है।

## प्री बीएड एवं प्री डीएलएड की परीक्षा जिले के 35 परीक्षा केन्द्रों में शांतिपूर्ण व सफलतापूर्वक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा गुरुवार 22 मई दो पालियों में आयोजित प्री बीएड एवं प्री डीएलएड की परीक्षा जिले के 35 परीक्षा केन्द्रों में शांतिपूर्ण व सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया। जिले में प्री बीएड की परीक्षा में 4 हजार 879 परीक्षार्थियों में से 3 हजार 146 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी तथा 1733 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह प्री डीएलएड की परीक्षा में कुल 8 हजार 146 परीक्षार्थियों में से 6 हजार 101 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी ओर 2 हजार 45 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्री बीएड की परीक्षा जिले के 16 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की गई।

- परीक्षाओं के लिए जिले में बनाये गये थे 35 परीक्षा केन्द्र
- जिले में प्री बीएड में 3146 परीक्षार्थी 1733 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

जबकि प्री डीएलएड की परीक्षा जिले के सभी 35 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की गई। सुबह की पाली में 10 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थियों को प्रवेश नहीं दिया गया। बहुत सारे केन्द्रों में परीक्षार्थियों को 5 से 10 मिनट विलम्ब होने के कारण परीक्षा केन्द्रों से मायूस होकर लौटना पड़ा। इस दौरान कई परीक्षार्थियों को अनुनय विनय करते भी देखा गया। सभी परीक्षा केन्द्रों में समन्वय संस्था शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय बेमेतरा के द्वारा तथा जिला प्रशासन के द्वारा एक-एक आब्जर्वर की भी नियुक्ति कर दी गई थी।जिला प्रशासन के द्वारा नियुक्त ऑब्जर्वर के द्वारा जिला कोषालय से प्रश्न पत्र के पैकेट एवं ओएमआर शीट की सीलबंद पेटी परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचाई गई तथा वापस समन्वय संस्था शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय बेमेतरा में जमा की गई। प्रथम पाली में 10 बजे 12.15 तक प्री बीएड की परीक्षाएं हुई तथा द्वितीय पाली में दोपहर 2:00 से 4:15 तक प्री डीएलएड की परीक्षाएं सम्पन्न हुई। समन्वय संस्था के प्रोफेसर और मास्टर ट्रेनर्स डी आर साहू ने बताया की सभी परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा के लिए व्यापक तैयारी कर ली गई थी। परीक्षा के लिए सभी वीक्षकों को उनके परीक्षा केन्द्रों में विधिवत प्रशिक्षण दिया गया था। दोनों ही परीक्षाओं के लिए परीक्षार्थी अपना मूल प्रवेश पत्र और पहचान के लिए कोई एक मूल आईडी लेकर आने को कहा गया था। बिना मूल आईडी/पहचान पत्र के परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश नहीं दिया गया। कुछ परीक्षार्थी पहचान पत्र आईडी की फोटो कॉपी लेकर पहुंचे थे। उन्हें परीक्षा केन्द्रों से वापस लौटा दिया गया और ▶▶| शेष पेज 15 पर

## बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किशोरी बालिकाओं को सुरक्षा, आत्मसम्मान एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त बनाने 10 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। यह प्रशिक्षण ग्राम लोलेसरा, सेक्टर बैजी, परियोजना खण्डसरा में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी यमुनेश पाण्डेय, जिला मिशन समन्वयक राजीव कुमार वर्मा, सेक्टर पर्यवेक्षक स्मिता सिंह, कार्यालय सहायक लवकुश साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं पंचगण विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि, "बालिकाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।"

यह प्रशिक्षण प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर मानू प्रताप साहू द्वारा प्रदान किया जा रहा है। आत्मरक्षा के गुरों के साथ-साथ बालिकाओं को मानसिक रूप से भी सशक्त बनाने की दिशा में यह प्रशिक्षण अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहा है। बालिकाओं को न केवल ▶▶| शेष पेज 15 पर


## राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम का मिला लाभ, भास्कर को राहत परिजन हुए खुश

# क्लब फुट से पीड़ित 8 माह के बालक का उपचार सफल, अब दोनों पैर ठीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के ग्राम करंजिया निवासी आठ माह के भास्कर यादव के जीवन की शुरुआत चुनौतियों से भरी थी। जन्म से ही उसके दोनों पैर अंदर की ओर मुड़े हुए थे, जिसे चि कि त्स की य भाषा में क्लबफुट कहा जाता है। यह एक जन्मजात विकृति है, जिससे बच्चे का सामान्य चलना-फिरना असंभव हो जाता है। आर्थिक रूप से सामान्य परिवार से संबंध रखने वाले भास्कर के माता-पिता के लिए यह स्थिति चिंता और पीड़ा का कारण बन गई। सितंबर 2024 में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत बेमेतरा विकासखण्ड के चिरायु स्वास्थ्य दल द्वारा गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के दौरान भास्कर यादव, पिता अनिल यादव की स्थिति की पहचान की गई। इसके बाद स्वास्थ्य कर्मियों ने भास्कर के माता-पिता को चिरायु योजना के तहत मिलने वाले निःशुल्क इलाज की जानकारी दी और उन्हें उच्च चिकित्सा संस्थान जिला चिकित्सालय ▶▶| शेष पेज 15 पर

- चिरायु योजना की सक्रियता का प्रमाण भी दिया गया



### निशुल्क उपचार किया गया

आज भास्कर के दोनों पैर पूरी तरह सीधे हैं और वह सामान्य बच्चों की तरह चलने की दिशा में अग्रसर है। यह सफलता न केवल चिकित्सा विज्ञान की उपलब्धि है, बल्कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम और चिरायु योजना की सक्रियता का प्रमाण भी है। निःशुल्क उपचार और समय पर पहचान ने एक बच्चे के जीवन को नई दिशा दी है।

## पांच माह पूर्व वर्चुअली भूमिपूजन किया पर निर्माण अभी तक शुरू नहीं हुआ

# अटल परिसर निर्माण स्थल पर विवाद बदलने की मांग, जनप्रतिनिधियों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर

छत्तीसगढ़ राज्य के शिल्पीकार पितृ पुरुष भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की स्मृति को सहजने राज्य के साय सरकार ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में अटल परिसर निर्माण को स्वीकृति देते हुए 25 दिसंबर 2024 में वर्चुअली भूमिपूजन किया गया था। भूमिपूजन के 5 माह बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ जिसके पीछे की वजह स्थल चयन का विरोध होना बताया गया। उक्त निर्माण कार्य के लिए जिस स्थल का चयन किया गया है उससे नगर के जनप्रतिनिधि सहित नगरवासीयो में भारी आक्रोश व्याप्त है। निर्माण कार्य के लिए बीते 21 मई बुधवार को नगर पंचायत देवकर सीएमओ , इंजीनियर एवं कुछेक पार्षदो की उपस्थिति में ना चाहते हुए भी नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश सिहोरे के हाथों भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन के कुछ देर बाद अटल परिसर निर्माण स्थल को लेकर नाराज वार्ड नंबर 07 के पार्षद बिरेंद्र कुंजाम एवं इंजीनियर संजय मोटवानी के बीच वाद विवाद की स्थिति निर्मित हो गई बाद में मामले को सुलझा लिया गया।

- नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश सिहोरे ने विरोध के बाद भी किया भूमिपूजन



### स्थल का चयन सही : सीएमओ

स्थल परिवर्तन कि मांग के प्रश्न पर सीएमओ केशराम साहू का स्पष्ट कहना है की स्थल का चयन सही जगह पर हुआ है कुछ लोगों का इरादा है की व्यवधान पैदा किया जाए जिससे कार्य में रुकावट पैदा हो वही व्यवसायिक स्थल के प्रश्न पर टाल मटोल कर फोन काट दिया गया जिससे ये साफ होता है कि कुछ जयचंदो को आर्थिक ▶▶| शेष पेज 15 पर

**भूमिपूजन के अगले दिन विरोध में सौंपा ज्ञापन:** पिछले अध्यक्षीय कार्यकाल में नगर के वार्ड नंबर 06 में स्थित नए बस स्टैंड पर व्यापारिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण व्यावसायिक परिसर के लिए उक्त स्थल प्रस्तावित था। लगभग 20 लाख की राशि से 26 × 16 के एरिए पर बनने वाला अटल परिसर का ठेका परपोड़ी के जैन ट्रेडर्स को 16 परसेंट बिलों में मिला है। उक्त स्थल पर भूमिपूजन से असंतुष्ट नगरवासी विरोध करते हुए सामूहिक रूप से विरोध पत्र के माध्यम से स्थल परिवर्तन का सहस्तांतरित ज्ञापन इंजीनियर को सौंपा गया। आवेदन में स्पष्ट रूप से उल्लेख है की शाम होते ही नशेड़ियों एवं असामाजिक तत्वों का यह स्थल अड्डा बन जाता है। नशेड़ियों के द्वारा छोड़ गया मांस से बना जूठन खाद्य पदार्थ शराब की खाली बोतल डिस्पोजल गिलास से वहां का वातावरण दूषित है ऐसे वातावरण में महान राजनेता का प्रतिमा स्थापित करना किसी भी दृष्टिकोण से अनुचित है , छत्तीसगढ़ राज्य के पितृ पुरुष , राष्ट्रकवि भूतपूर्व प्रधानमंत्री की स्मृति को सहेजने के लिए अटल बिहारी बाजपेयी जी की 100 वी जयंती के अवसर पर अटल परिसर निर्माण के लिए कटिबद्ध विष्णु देव साय सरकार के उद्देश्य की राह मे नगर पंचायत प्रशासन अनुचित स्थल का चयन कर महान व्यक्तित्व के धनी की गरिमा को ठेस पहुंचाई जा रही है ▶▶| शेष पेज 15 पर

# बच्चों की छिपी प्रतिभा को मंच देना ही है समर कैंप का उद्देश्य : विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगर के पीएमश्री शासकीय प्राथमिक सीबीएसई अभ्यास शाला में आयोजित समर कैंप का गुरुवार को समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा रहे। समर कैंप का आयोजन 13 से 22 मई तक किया गया, जिसमें बच्चों ने नृत्य, संगीत, ड्राइंग, पेंटिंग, नाटक, खिलौना निर्माण, कला एवं शिल्प जैसे विविध रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

- पीएमश्री शासकीय प्राथमिक सीबीएसई अभ्यास शाला में आयोजित समर कैंप का हुआ समापन

अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि समर कैंप बच्चों के अंदर छिपी कला प्रतिभा को उभारने का बेहतरीन अवसर है। इस मंच के माध्यम से बच्चे अपने आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और जीवन के लिए जरूरी स्किल्स सीखते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों में जन्मजात कला होती है, जिसे पहचानने और तराशने की आवश्यकता है। विज्ञान, धर्म, संस्कृति और समाज सब अपने आप में कला हैं और जीवन जीना भी एक कला है। समर कैंप में ओरिगामी, क्ले मॉडलिंग, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, पॉटरी मेकिंग, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी एवं ब्यूटी पार्लर जैसे कौशलों का प्रशिक्षण भी बच्चों को दिया गया। श्री सिन्हा ने बच्चों को ▶▶| शेष पेज 15 पर





## खबर संक्षेप



### बोरी विद्यालय में समर कैंप का आयोजन

**दुर्ग।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बोरी में समर कैंप का आयोजन प्रतिदिन किया जा रहा है। जिसमें बच्चों को शारीरिक, मानसिक, व्यवहारिक, व्यक्तित्व विकास के लिए जागरुक किया जा रहा है। इसी क्रम में कार्यक्रम के चौथे दिन जिला मिशन समन्वय एए समग्र शिक्षा सुरेंद्र पांडे द्वारा अवलोकन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन शर्मा भी उपस्थित रहे। व्याख्यात पंडित राजेश शुक्ला ने कार्यक्रम मंत्रोच्चारण से प्रारंभ किया। योग कराया गया और जीवन में योग के महत्व बताए। पश्चात कठपुतली नृत्य, नाटक का प्रदर्शन कलाकार गोकुल चतुर्वेदी तथा लाल बाबू सिंह द्वारा किया गया। लोक कलाकार अजय उमरे द्वारा छत्तीसगढ़ लोक कला साहित्य, नाच आदि के विषय में जानकारी दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के कक्षा दसवीं एवं 12वीं के प्रवीण्य सूची में स्थान बनाने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष अरविंद पटेल, ग्राम पंचायत बोरी के सरपंच टिकेश्वर देशमुख, ज्ञान यादव, भोला पटेल, विद्यालय की शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रभारी प्राचार्य गुलनाज बानो ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### तारों पर झूलती झाड़ियों से बिजली गुल

**भिलाई।** टाउनशिप में बेमौस अंधड़ और बारिश के साथ बिजली के तारों पर झूलते पेड़ बिजली गुल होने का एक बड़ा कारण बने हुए हैं। सभी सेक्टरों में बिजली खंभों के किनारे जगह जगह झाड़ियां तारों के निकट हैं। जब कभी भी अंधड़ या तेज हवा व मूसलाधार वर्षा होत है तो डालियां तारों से टकराती रहती हैं। कई बार टूटकर तारों पर गिर जाती है। पंद्रह दिन पहले आए अंधड़ में दो सौ पेड़ गिर थे। क्षेत्रवासियों ने बताया कि महीनेभर बाद बारिश का मौसम आने वाला है तो बिजली गुल की समस्या और बढ़ जाएगी। तारों पर झूलने वाली झाड़ियों की छंटाई जरुरी है।

### महिलाओं ने माथे पर सिंदूर लगाकर हाथों में पकड़ा तिरंगा

**भिलाई।** नगर पालिक निगम रिसाली के तत्वावधान में महिलाओं ने बुधवार की शाम रैली निकाली। वे पहले एक दूसरे के माथे पर सिंदूर का तिलक लगाई। इसके बाद हाथों में तिरंगा लेकर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, आयुक्त नगर पालिक निगम रिसाली मोनिका वर्मा के नेतृत्व में रैली निकाली।महिलाओं ने रैली तिरंगा के सम्मान में निकाली। ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने पर दशहरा मैदान में महिलाओं ने आपस में सिंदूर का तिलक लगाइए। इसके बाद विधायक के नेतृत्व में रैली भारत माता के जयकारे लगाते हुए कृष्णा टाकीज रोड पहुंची। यहां से रोड भ्रमण करते हुए रैली वापस शहीद स्मारक स्थल पहुंची। जहां महिलाओं ने और वरिष्ठ नागरिकों ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित किए।

## लापरवाही: ई-आक्शन के जरिए नीलामी के बाद भी तीनों जिलों में उठाव नहीं

# नीलामी के बाद भी संग्रहण केंद्र में खराब हो रहा 1857 करोड़ का धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राज्य शासन द्वारा सोसायटियों में रखे धान को परिवहन के नाम पर लाखों रूपए की रकम खर्च कर इसे संग्रहण केन्द्र तक लाया गया। लेकिन इस करोडों रूपए के धान का अब तक निराकरण नही किए जाने के चलते यह बारिश में खराब होने की स्थिति में है। प्रदेश स्तर पर नीलामी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी संग्रहण केन्द्र में रखे एक दाना धान का उठाव नही होने से शासन की प्लानिंग फैल साबित हो रही है। यही कारण है कि, दुर्ग, बालोद और बेमेतरा जिले में रखे गए 59 लाख 90 हजार क्विंटल से अधिक के धान को बारिश के हवाले कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि, राज्य शासन द्वारा नागरिक आपूर्ति निगम और केन्द्र के एफसीआई कोटे में चावल जमा करने के बाद शेष बचे धान की आनलाइन नीलामी किए जाने का निर्णय लिया गया था। पिछले अप्रैल माह से आनलाइन नीलामी की प्रक्रिया शुरू होने के बाद प्रदेश में रखे करीब 35 लाख टन धान की नीलामी हो गई है। लेकिन मिलर उठाव के लिए रूचि नही दिखा रहे है। नीलामी के बाद भी उठाव नही किए जाने से राज्य शासन की चुनौती बन गई है। हालात यह है कि, मई के अंतिम सप्ताह में मानसून सक्रिय हो जाएगा। जबकि वर्तमान में लगातार बारिश का दौर चल रहा है। ऐसे में उठाव नही होने से धान बारिश से पहले ही खराब हो रहा है। समय रहते अगर शासन व प्रशासन धान का उठाव नही कराती है तो करोडों रूपए का नुकसान होने के आसार है।

### खास बातें

- सेंट्रल पुल में चावल नही लेने के कारण नीलामी के हालात
- तीनों जिले में अठारह अरब का धान खुले आसमान के नीचे
- सोसायटी से परिवहन के नाम पर फूंके लाखों, अब फिर नुकसान

### मार्कफेड ने समय पर नहीं कराया उठाव, बारिश में खराब हो रहा धान



### तीनों जिले में 18 अरब का धान डंप

जानकारी अनुसार जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक के अधीन आने वाले दुर्ग जिले के संग्रहण केन्द्र में पांच लाख 64930 क्विंटल रखे हुए है, वही बेमेतरा जिले में 28 लाख 3 हजार 320 क्विंटल धान और बालोद जिले में 26 लाख 22 हजार क्विंटल का धान डंप है। इस तरह तीनों जिले में 59 लाख 90 हजार 430 क्विंटल धान सोसायटियों से लाने के बाद निराकरण नही हो पाया है। जिसकी जिम्मेदारी मार्कफेड की है। प्रति क्विंटल 31 रूपए में खरीदे के हिसाब से तीनों जिले में 18 अरब 57 करोड तीन लाख 33 हजार रूपए का धान भगवान भरोसे हैं।

### तकनीकी खामियों के कारण उठाव नहीं

राज्य स्तर से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रदेशभर के संग्रहण केन्द्रों में रखे गए धान की नीलामी हो चुकी है। जानकारी अनुसार प्रति बोरी में चालीस किलो धान रखे जाने का सेटअप संग्रहण केन्द्र के साफ्टवेयर में फीड किया गया है। लेकिन नीलामी के बाद जब मिलर धान उठाने पहुंच रहे है तो वहां प्रति बोरी में एक से डेढ किलो तक वजन में कमी आने से उठाव की पर्ची नही कट पा रही हैं। यह परेशान प्रदेशभर में बनी हुई है, जिसके चलते नीलामी की प्रक्रिया निपटने के बाद भी प्रदेश में करोडों रूपए का धान बारिश के नीचे रखा गया है।

### 31 सौ रूपए में खरीदी, बोली कौड़ी की लगी

जिसमें पुराने बारदाने में रखे धान को 19 सौ और नए बारदाने के धान के लिए 1950 रूपए क्विंटल तक की दर बोलीकर्ताओं ने लगाए है। यह दर राज्य शासन द्वारा निर्धारित किए गए थे। लेकिन बोली में इससे ज्यादा दर राज्य शासन को नही मिले है। सूत्रों ने बताया कि, राज्य शासन द्वारा गठित टीम द्वारा गहन समीक्षा किए जाने के बाद इसी दर पर उठाव के निर्देश भी दे दिए है। लेकिन अब तक उठाव नही हो सका है। दुर्ग, बालोद और बेमेतरा में ही 59 लाख क्विंटल से ज्यादा धान संग्रहण केन्द्र में डंप है।

### केन्द्र क्यों नहीं ले रहा धान

हमारी कांग्रेस सरकार छग के धान को केन्द्र के सेंट्रल पुल में लेने हर संभव प्रयास किया था। लेकिन अभी तो केन्द्र और राज्य में भाजपा की सरकार है, फिर केन्द्र क्यों नही ले रही हैं। आखिर नीलामी करने की नौबत आई और बारिश में धान खराब होने पर जवाबदेही किसकी होगी, भाजपा की नीति फेल हैं।

**-राजेन्द्र साहू,** महामंत्री प्रदेश कांग्रेस कमेटी

# ओव्हर रेट में बिक रही शराब आबकारी अधिकारी को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

संभागीय डउनदस्ता की टीम की जांच में चौकाने वाले खुलासे सामने आए है। टीम द्वारा किए गए जांच में ओव्हर रेट में शराब बेचने और मनमाफिक ब्रांड की बिक्री होने के खुलासे हुआ है। यही नहीं जांच में पाया गया कि, कई बोतलों की ढक्कने में सील टुटी हुई पाई गई। ऐसे में मिलावट शराब बेचने के भी प्रकरण बनाए गए है। उडनदस्ता ने जांच रिपोर्ट राज्य सहायक आबकारी और आबकारी सचिव को सौंपी थी। अपराधिक प्रकरण की रिपोर्ट राज्य में सौंपे जाने के बाद दुर्ग के आबकारी अधिकारी सीआर साहु को नोटिस जारी किया गया है। मंगलवार को आबकारी सचिव व आयुक्त के निर्देश पर संभागीय उडनदस्ता प्रभारी नवीन तोमर ने अपनी टीम के साथ जांच किया था। टीम ने जिले के कई दुकानों की जांच की थी, जिसमें सिविक सेंटर, भिलाई तीन कंपोजिट विदेशी मदिरा दुकान और कई बार में भी जांच की थी। जिसमें सिविक सेंटर शराब दुकान में मिलावटी शराब पर अपराधिक प्रकरण दर्ज किए गए है। यहां ओव्हर रेटिंग की शिकायत मिली थी, टीम को 1401 नंबर पर शिकायत मिली थी। जिसके बाद टीम ग्राहक बनकर दुकान पहुंची थी।

- आबकारी अधिकारी को नोटिस जारी

### आबकारी अधिकारी को जमकर फटकार

सूत्रों ने बताया कि, ओव्हर रेटिंग, मिलावट शराब और मनमानी ब्रांड की शराब बेचने का प्रकरण आबकारी सचिव व आयुक्त तक पहुंची। जिस पर उन्होने दुर्ग आबकारी सीआर साहू को नोटिस जारी कर जमकर फटकार लगाई हैं, वही कलेक्टर को भी ऐसे प्रकरण में विशेष ध्यान देने की नसीहत दी गई। जानकारी अनुसार जांच में पाया गया कि, दुकान में फ्रीजर में कमीशन वाले ब्रांड को ही रखा जाता था। वही स्टाक में भी गडबडी मिली है। इसके आलावा एक दूसरे दुकान से स्टाक ट्रांसफर कर बेचे जाने की जानकारी सामने आई हैं। बहरहाल अपराधिक प्रकरण राज्य शासन को भेजे गए है।

## 9वीं और 11वीं में अच्छे अंक लाने वाले विद्यार्थियों को मिलेंगे सवा लाख

**भिलाई।** प्रधानमंत्री यशस्वी छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत स्कूलों में पढ़ने वाले 9वीं और 11वीं के विद्यार्थियों को उन्हें मिले अंक के आधार पर सवा लाख रुपए तक की छात्रवृत्ति दी जाएगी। 9 वीं के विद्यार्थियों को 75 हजार और 11 वीं के विद्यार्थियों को 1.25 लाख रुपए की सालाना छात्रवृत्ति दी जाएगी। इसकी शुरुआत जून-जुलाई में होगी। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 8वी, 10वी के नतीजे भी जारी कर दिए हैं। ऐसे में कक्षा 9वीं और 11वीं में पहुंचने वाले ऐसे बच्चे, जिन्होंने अच्छे अंक हासिल किए हैं, लेकिन आगे की पढ़ाई रुपए की तंगी के चलते उनकी पढ़ाई प्रभावित हो सकती है, उनके लिए यह बेहतर अवसर है। आवेदन ऑनलाइन होंगे। इस स्कॉलरशिप के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी परीक्षा ले सकती है, या मेरिट के आधार पर चयन किया जा सकता है। ओबीसी, आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) और गैर-अधिसूचित उमीदवार पात्र होंगे। शासकीय और निजी स्कूल का बंधन नहीं है। परीक्षा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए कराएगी। ये परीक्षा पेन और पेपर मोड (ओएमआर ) पर आधारित होगी।

# सारी रात टाउनशिप में बिजली गुल से गुस्साए कर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भारत पाक के बीच युद्ध खत्म हो हुए दस दिन बीत चुके हैं लेकिन बारिश अंधड़े के दौरान बीती मंगलवार रातभर पूरे टाउनशिप में ब्लैकआउट जैसी स्थिति क्यों रही। परेशान बीएसपी रहवासी कई बार बिजली विभाग को फोन किए पर घंटी बजती रही। कई कर्मचारी ड्यूटी नहीं जा पाए और घरों में बच्चे, महिलाएं व बीमार रातभर भूखे प्यासे अंधरेस,मच्छरों से कटवाते व उमस में राज जागकर बिताने मजबूर हुए।

मंगलवार को अंधड़ बारिश से टाउनशिप में रातभर बिजली गुल से गुस्साए बुधवार को नगर सेवएं प्रशासनिक कार्यालय पहुंचे रहवासी संयत्रकर्मी व जन प्रतिनिधी विभागीय कर्मियों व अधिकारियों पर जमकर बरसे। नगर निगम भिलाई के लोक स्वास्थ्य व स्वच्छता विभाग प्रभारी लक्ष्मीपति राजू के नेतृत्व में टाउनशिप के कई रहवासियों ने अधिकारियों से मिलकर सेक्टर 7 सहित टाउनशिप में रातभर बिजली गुल होने पर रोष जताते हुए लोगों व कर्मियों की परेशानी से अवगत कराया। भीड़ में साथ आए कई लोगों को भवन के नीचे ही रोक लिया गया सिर्फ पार्षद के साथ 7-8 लोगों को चर्चा के लिए बुलाया। नीचे लोग कर्मियों को रात भर अपनी परेशानी व ऊपर लक्ष्मीपति राजू के साथ अधिकारियों को शाम 6 बजे से दूसरे दिन सुबह 9 बजे तक बिजली गुल होने से अंधेरे में मच्छरों व उमस के बीच परेशानी बताई। कहा बिजली वाले किसी भी व्यक्ति ने फोन रिसीव नहीं किया। राहत दिलाएं।



- पार्षद लक्ष्मीपति राजू के साथ पहुंचे एस्टेट आफिस, कहा सेक्टर 7 में बदलें पुराने तार व खराब ट्रांसफार्मर

### पुराने तारों व ट्रांसफार्मरों को बदलने की मांग

सीजीएम के नाम सौंप ज्ञापन में लक्ष्मीपति राजू ने बताया कि सेक्टर 7 में बिजली गुल लो वोल्टेज रोज की समस्या है। तीन घंटे कटौती के दौरान कोई भी बिजली आपूर्ति की उम्मीद नहीं करता लेकिन अघोषित बिजली गुल मुहिम से रात खाने की मेज पर आधा व अधपका खाना खाकर ही कर्मियों को मिल रहा है और न आराम मिलता है और न उमस से बचाव। कम वोल्टेज से लैंप, ट्यूब व बिजली के अन्य उपकरण घरों के खराब हो रहे हैं और पंखे भी ठीक से हवा नहीं दे रहे हैं। आपके कार्यालय में कई बार शिकायत के बाद अब तक स्थाई समाधान नहीं मिला है। जब दूसरे इलाके में बिजली आती है, तब भी सेक्टर 7 में घंटों अंधेरा क्यों रहता है। जिन तारों से हमारे इलाके में बिजली आती है वे पुराने व घिस चुके हैं। ट्रांसफार्मर भी पुराने व खराब हो चुके हैं। पुराने तारों व ट्रांसफार्मरों को जल्द बदला जाए। ज्ञापन देने चर्चा के दौरान स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू के साथ विनोद शुक्ला, अब्दुल, सुनील कोहले, रामाराव, अमरदीप सिंह आदि उपस्थित थे। इसके अलावा अलग से दोपहर पहुंचे लोगों ने कहा कि सेक्टर पांच में बिजली बहुत कम गुल होती है। गुल होने के पांच दस मिनट में आ जाती है। क्योंकि यहां सांसद, विधायक और महापौर का निवास होने से प्रबंधन पर दबाव रहता है। फिर रात 4.30 बजे सेक्टर 6, 4 बजे सेक्टर 1,2,3 व सुबह 6 बजे बिजली आने वाले सेक्टर 8, 7, व दस के साथ भेदभाव क्यों हो रहा है।

# 24 घंटे में अतिक्रमण हटाने नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत महा सफाई अभियान महापौर अलका बाघमार के मार्गदर्शन में शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने वित्त प्रभारी नरेंद्र बंजारे, स्वास्थ्य प्रभारी नीलेश अग्रवाल, नोडल स्वास्थ्य अधिकारी मोहेंद्र साहू, मण्डल अध्यक्ष कमलेश फेकर के साथ राजीव नगर क्षेत्र, नया पारा, तालाब क्षेत्र सहित वार्ड के विभिन्न गलियों के वार्ड 2 का निरीक्षण किया। सड़क की सफाई व नाली, नाला की सफाई बेहतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क की सफाई व नाली सफाई कामों का निरीक्षण किया। इस दौरान कमिश्नर ने सफाई कर्मचारियों से बात की। उनकी समस्याओं को समझा। प्रभारी नीलेश अग्रवाल ने कहा बारिश के पहले सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने नालियों की नियमित सफाई करने कहा तुरंत कूड़ा कचरा को उठाने की बात कही। उन्होंने कचरा निस्तारण की उचित व्यवस्था करने चेताया। इसके अलावा स्थानीय नागरिकों से भी बातचीत कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना।

## पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन शुरू

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2025 के लिए आवेदन ऑनलाईन पोर्टल में 31 जुलाई तक लिए जाएंगे। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित कराने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किया जाता है। उक्त पुरस्कार के लिए जो बच्चे बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण के क्षेत्र में असाधारण पहचान हासिल की है तथा कला एवं संस्कृति और नवाचार जो राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता के पात्र है।

# मेधावी छात्र विराज यादव का किया सम्मान

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज ठेठवार यादव समाज युवा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में 96.8 प्रतिशत अंकों के साथ प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विराज यादव को शाल, श्रीफल, मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया।

वे प्रमोद यादव एवं किरण यादव के पुत्र हैं। प्रमोद यादव ने बताया कि विराज शुरू से ही मेधावी है। पढ़ाई के लिए कभी फोर्स करने की आवश्यकता नहीं पड़ी। 10वीं में भी 95.4% अंकों से प्रावीण्य में रहा।



भाई प्रखर यादव ने बताया कि विराज जेईई मेन्स में अच्छे रैंक पर है। एनआईआईटी में सीएस ब्रांच में आगे की पढ़ाई करने का इच्छुक है। आईआईटी एग्जाम में भी उम्मीद है, पर अभी रिजल्ट नहीं आया है। आईटी सेक्टर में विराज की रूचि है। बास्केटबॉल उनकी हॉबी है। विराज ने अपनी सफलता का मूल मंत्र सोशल मीडिया, मोबाइल, टीवी, सिनेमा से दूर रहकर प्रतिदिन 6 घंटे स्व अध्ययन को बताया है। विराज ने अपनी उपलब्धि का श्रेय शिक्षक लोकेश कुमार (गणित), राहुल दुबे (गणित ), अभिमन्यु कुमार एवं धीरेंद्र कुमार (आईआईटीयंस) और माता-पिता का दिया है। इस अवसर पर समाज के सत्येंद्र यादव, बिरेन्द्र कुमार यदु, सूर्यकांत यादव, राजू यादव, जयेंद्र यादव, आशीष यादव, प्रवीण यदु मौजूद थे।

## कायस्थ सामाजिक भवन के सामने अवैध कब्जा हटाने सुशासन तिहार में दिया आवेदन

**भिलाई।** कायस्थ सामाजिक भवन के पास झोपड़ी बनाकर अतिक्रमण किया गया है। बार-बार कहने के बाद भी इसे नहीं हटाया जा रहा।

इसे लेकर कायस्थ समाज का प्रतिनिधि मंडल सुशासन तिहार के अंतर्गत लगाए गए शिविर में पहुंचा। झाड़ूराम देवांगन शासकीय आत्मानंद स्कूल जीई रोड में आयोजित शिविर में सामाजिक प्रतिनिधियों ने वस्तु स्थिति की जानकारी दी। इस दौरान कायस्थ सभा से अध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव, सचिव सुमित श्रीवास्तव, सांस्कृतिक सचिव प्रशांत श्रीवास्तव, सहयोगी सदस्य प्रशांत बक्शी, महिला विंग से अराधना खरे, पूनम श्रीवास्तव, रश्मि सुधीर श्रीवास्तव, युवा सदस्य अक्षत श्रीवास्तव, दिव्यांश खरे सहित अन्य उपस्थित थे। प्रशांस श्रीवास्तव ने बताया कि अतिक्रमण की वजह से सामाजिक भवन में होने वाली सामाजिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

# केमिकलयुक्त पानी के मुद्दे में हो निष्पक्ष जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



नगर निगम भिलाई के उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने उपमुख्यमंत्री और नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव से मुलाकात की। उन्होंने निगम के भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। दया सिंह ने कहा कि जिस प्रकार शासन अलग-अलग विभागों के इंजीनियरों को अनियमितता के आरोप में निलंबित कर रही है, उसी तरह भिलाई निगम के भ्रष्ट अफसरों की भी छुट्टी की जाए। उन्होंने छावनी के कैमिकल युक्त पानी की निष्पक्ष जांच कराने की मांग दोबारा की। दया सिंह ने बताया की औद्योगिक क्षेत्र छावनी और खुर्सीपार में कैमिकल युक्त पानी आ रहा है।

भू-जल में उद्योगपतियों ने इतना कैमिकल मिला दिया है कि बोरिंग और ट्यूबवेल से कैमिकल युक्त पानी आ रहा है। पर्यावरण विभाग और निगम प्रशासन जांच के नाम पर सालों से खानापूर्ति कर रहे हैं। आम जनता की सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं। प्रशासनिक महकमा इस पूरे मामले में लीपापोती में जुटा हुआ है। उन्होंने पिछली सरकार में गौठान में केचुआ खाद बनाने के नाम पर अनियमिता की भी जानकारी दी। बताया कि लाखों रुपए खर्च किए, पर एक किलो खाद नहीं बना और अब नेहरू नगर के ग्रीन लैंड की जमीन पर केचुआ खाद बनाने 1 करोड़ फिर से खर्च कर रहे हैं। नेहरू नगर का गार्डन जिसे 2 करोड़ में बनाया गया, अफसरों ने उसे पूरा उजाड़ दिया। जबकि यह ग्रीन लैंड की जमीन है। पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह जी ने योग, राशि मुद्रा और ओपन जिम गार्डन का लोकार्पण किया था। शहर की बड़ी-बड़ी संस्थानों ने सालों से ना जलकर दिया है और न ही संपत्तिकर। 400 से ज्यादा उद्योगपति, 100 से मैरिज हॉल, होटल और व्यवसायिक काम्प्लेक्स के संचालक टैक्स चोरी कर निगम को चुना लगा रहे हैं।

- ननि मंत्री से निगम व्याप्त अनियमितता की शिकायत की भी की

## दुर्ग के पूर्व माध्यमिक शालाओं से 133 चयनित

# स्कॉलरशिप परीक्षा में प्रावीण्य सूची में आलबरस का छात्र तुनीर जिले में प्रथम व राज्य में पांचवें स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दुर्ग जिला शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों ने स्कालशिप परीक्षा में भी डंका बजाया है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित सत्र 2024-25 में राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में दुर्ग जिले के 239 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। खास उपलब्धि यह भी रही कि इसमें दुर्ग ब्लॉक के सबसे ज्यादा 133 विद्यार्थी चयनित हुए हैं। जारी प्रावीण्य सूची में आलबरस स्कूल के छात्र तुनीर साहू जिले में प्रथम व राज्य में पांचवा स्थान प्राप्त किया है।

### जिले से 2029 विद्यार्थी हुए उत्तीर्ण

सीजीबीएसई द्वारा जारी चयन सूची में जिला दुर्ग से पूर्व माध्यमिक शालाओं से परीक्षा में शामिल 4258 में से 2029 बच्चे उत्तीर्ण हुए है। सेजस बालाजीनगर खुर्सीपार से एक ही स्कूल में सबसे ज्यादा 20 विद्यार्थी चयनित किए गए हैं। प्राचार्य सुरेश हैं। इस परीक्षा की तैयारी हेतु जून माह से ही जिला शिक्षा अधिकारी निर्देशन एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गोविंद साव के मार्गदर्शन में विकासखण्ड स्तरीय कार्यशाला आयोजित किया गया जिसमें जिला नोडल पवन सिंह एवं विकासखण्ड नोडल पोषण मारकण्डे ने समस्त प्रभारी शिक्षकों को परीक्षा की महत्वपूर्ण बिंदुओं कर विस्तृत जानकारी दी। जिला नोडल पवन सिंह द्वारा विभिन्न संकुल के बच्चों को साप्ताहिक कार्यशाला आयोजित कर परीक्षा की बारीकियों को बताया । शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में शिक्षा का स्तर सुधरा है।

### चयनित हर विद्यार्थी को मिलेंगे 12 हजार रुपए

इस परीक्षा को मई 2008 में सीसीईए से अनुमति प्राप्त करने के बाद प्रारंभ हुई, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के मेधावी छात्रों को आठवीं कक्षा में उनके ड्राप आउट से रोकना और माध्यमिक स्तर पर अध्ययन जारी रखते हुए उन्हें प्रोत्साहित कर छात्रवृत्ति प्रदान करना था । योजनांतर्गत चयनित प्रत्येक विद्यार्थी को प्रतिवर्ष 12 हजार रुपए प्रदान की जाती है । इस योजना में शासकीय, सरकारी प्राप्त एवं स्थानीय निकाय स्कूलों में अध्ययन के लिए कक्षा नवमीं से बारहवीं तक उनकी निरन्तरता एवं नवीनीकरण सुनिश्चित किया गया।

## कनिष्ठ सहायक की भर्ती परीक्षा में 600 अभ्यर्थी हुए शामिल



**भिलाई।** आईआईटी भिलाई में कनिष्ठ सहायक की भर्ती के लिए प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में लगभग 600 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। आईआईटी भिलाई की स्थापना से छत्तीसगढ़ राज्य में कई रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। प्रशासन द्वारा लिखित परीक्षा के सफल संचालन एवं आयोजन तथा विधि व्यवस्था हेतु कई तैयारियां की गई। गर्भवती महिलाओं एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए गंतव्य तक पहुंचने हेतु ई-रिक्शा की व्यवस्था की गई। प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल होने वाले सभी अभ्यर्थियों को लेकर निदेशक प्रो. राजीव प्रकाश ने कहा कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह, दुष्प्रचार से दिग्भ्रमित न हो। प्रशासन द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का पालन करते हुए परीक्षा में अपना सर्वश्रेष्ठ दें। परीक्षा संबंधी किसी प्रकार की जानकारी के लिए संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट का अवलोकन करें।

## किसान देश की रीढ़ हैं, उनके कठिन परिश्रम का सही मूल्य मिलना जरूरी : बोहरा

# विधायक भावना के प्रयासों से गन्ना उत्पादक किसानों के खाते में 20.27 करोड़ का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

पण्डरिया क्षेत्र के गन्ना उत्पादक किसानों के लिए आज का दिन राहत और खुशी भरा रहा। पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के सतत प्रयासों और



राज्य सरकार के सहयोग से लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना पण्डरिया द्वारा कुल 20.27 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान 5333 गन्ना विक्रेता कृषकों को किया गया। यह भुगतान गन्ना पेराई सत्र 2024-25 के तहत एफआरपी 315.10 रूपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदी गई गन्ने की राशि के रूप में जारी किया गया है। यह उपलब्धि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप एवं मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक महेन्द्र सिंह सवन्नी के सहयोग से संभव हुई, लेकिन इसके पीछे सबसे प्रमुख भूमिका पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा की रही, जिन्होंने लगातार शासन-प्रशासन से संपर्क कर किसानों को उनका हक दिलाने का कार्य किया। किसानों को अब शेष राशि का भुगतान भी शीघ्र मिलेगी। पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने यह सुनिश्चित किया कि गन्ना उत्पादक किसानों को उनके श्रम का पूरा मूल्य समय पर मिले। उन्होंने समय-समय पर शक्कर कारखाने के प्रबंधन, विभागीय अधिकारियों और शासन के उच्च पदाधिकारियों से संवाद कर किसानों के भुगतान में आ रही अड़चनों को दूर करवाया। किसानों की समस्याओं को उन्होंने मजबूती से उठाया, जिसके सकारात्मक परिणाम आज सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल आर्थिक भुगतान नहीं, बल्कि किसानों के आत्मसम्मान और विश्वास की पूर्ति है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पण्डरिया क्षेत्र के प्रत्येक किसान, श्रमिक और आम नागरिक के अधिकारों की रक्षा के लिए वे हमेशा तत्पर रहेंगी। भविष्य में भी क्षेत्र के किसानों के हितों के लिए हर आवश्यक कदम उठाया जाएगा, ताकि खेती लाभ का सौदा बने और किसान सशक्त बन सकें।

### किसानों की कठिन परिश्रम का सही मूल्य मिलना बेहद जरूरी



पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि किसान हमारे देश की रीढ़ हैं, और उनके कठिन परिश्रम का सही मूल्य मिलना बेहद जरूरी है। गन्ना उत्पादक किसानों के लिए यह एक अहम कदम है, क्योंकि समय पर भुगतान से उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होता है और उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। यह केवल एक आर्थिक सहायता नहीं है, बल्कि हमारे किसानों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता और जनप्रतिनिधि के रूप में मेरी जिम्मेदारी का भी परिचायक है। पंडरिया विधायक श्रीमती बोहरा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, मंत्री केदार कश्यप और अन्य अधिकारियों के सहयोग से यह संभव हो सका है। मैं उनके प्रति आभार व्यक्त करती हूँ। हम लगातार यह सुनिश्चित करेंगे कि किसानों को उनकी मेहनत का पूरा मूल्य समय पर मिले और वे आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें। यह मेरी प्राथमिकता है कि पण्डरिया क्षेत्र के सभी किसानों की समस्याओं का समाधान किया जाए और उनका जीवन स्तर ऊंचा उठे।

### गन्ना उपभोक्ता किसानों को शेष राशि का भुगतान किया जाएगा

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना पण्डरिया के एमडी उत्तर कुमार कौशिक ने बताया कि पेराई सत्र 2024-25 में गन्ना विक्रेता कृषकों से एफआरपी 315.10 प्रति क्विंटल के मान से गन्ना खरीदी की गई थी जिसका कुल भुगतान योग्य राशि 47.31 करोड़ रूपए है जिसमे से 7.85 करोड़ पूर्ण में किसानों को भुगतान किया जा चूका था। साथ ही एनसीडीसी नई दिल्ली से कारखाना निर्माण के लिए कार्यशील पूंजी ऋण 16.36 करोड़ का भी भुगतान किया गया था। गन्ना भुगतान शेष राशि रूपए 39.46 करोड़ में से 20.27 करोड़ राशि का 06 दिसंबर से 05 जनवरी 2025 तक के कुल 5333 गन्ना विक्रेता कृषकों को 315.10 रूपए प्रति क्विंटल के मान से 22 मई को जारी किया गया है एवं शेष राशि का भुगतान अतिशीघ्र किया जाएगा।

# शिव-पार्वती विवाह व राम जन्मोत्सव कथा रसपान में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में पांच दिवसीय 20 से 24 मई तक संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कथा व्यास पूज्या आर्या त्रिपाठी (बटूराकछार) द्वारा कथा तृतीय दिवस श्री शिव-पार्वती विवाह एवं श्री राम जन्मोत्सव कथा रसपान ग्रामीणों व भक्तजनों को कराया गया। आर्या त्रिपाठी ने राम कथा के माध्यम से बताया कि एक बार भगवान शिव और माता सती दोनों अगत्स्य ऋषि के पास कथा सुनने के लिए गए अगत्स्य ऋषि ने माता सती और भगवान शिव को देखा कितने भाव में आ गए, दिव्या आसन पर बिठाकर पूजा करने लगें। जब ऋषि अगस्त्य कथा के वक्त होकर भगवान और माता का पूजन करने लगे, तो माता सती ने सोचा, की लगता है इनका ज्ञान हमारे ज्ञान से कम है। छोटे हैं तभी तो हमारी पूजा कर रहे हैं। माता सती कहने लगी बाबा भी कहां-कहां लेकर आ जाते हैं। यह कौन सी कथा सुनाएंगे यहां पर ध्यान दीजिए सुनने से पहले श्रद्धा समाप्त हो गई। कथा समाप्त हो गई माता बैठी रही कुछ सुना नहीं। सुना किसने सुनी महेस परम सुखु मानी॥ बाबा की कथा सुनी परम आनंद में आए राम की भक्ति का वरदान दक्षिणा में दिया और चल दिए। त्रेता युग का समय है राम अवतार ले चुके हैं। जिस दंडकारण्य में बाबा कथा सुनाने आए थे, इस दंडकारण्य में सीता राम जी और लक्ष्मण जी रहते हैं। जब बाबा आकाश मार्ग से जा रहे थे, तो



भगवान की लीला पृथ्वी पर चल रही थी। बाबा ने सोचा कथा सुनकर कान तो धन्य कर लिए, अब आंख भी धन्य कर लेता हूँ। बाबा ने रघुनाथ को दिखा संभु समय तेहि रामहि देखा। उपजा हियं अति हरषु बिसेषा॥ जैसे ही शंकर भगवान को राम जी दिखाई पड़े बाबा कहने लगे सच्चिदानंद भगवान आपकी जय हो जय जयकार करके चले। सती माता ने कथा सुनी नहीं उन्हें पता ही नहीं कि भगवान रो भी थे, उनकी पत्नी के हरण के बाद। भगवान ने जय जयकार करके प्रणाम किया। माता सती ने मन में सोचा क्या यह भगवान है। भगवान क्या अपनी पत्नी के लिए कभी रोते हैं। क्या और यह भगवान है, तो इनको अपनी पत्नी के बारे में पता नहीं होगा क्या, नहीं यह भगवान नहीं है, अनेक प्रकार से समझाया माता को समझ नहीं आई। बाबा ने कहा देवी जब आपको इतना ही संचय हो गया है तो परीक्षा ले लीजिए। मैया परीक्षा लेने गई और बाबा भजन में बैठ गए अस कहि लगे जपन हरिनामा। वहीं संगीतमय पांच दिवसीय श्रीराम कथा में आसपास क्षेत्र के ग्रामीण जन कथा रसपान कर अपने जीवन को कृतार्थ कर रहें है।

## खबर संक्षेप

### सियान जतन कार्यक्रम में निःशुल्क उपचार किया

**हरिभूमि कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल राज के नेतृत्व में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संचालित हमर अस्पताल, आयुष्मान आरोग्य मंदिर में प्रत्येक माह के प्रथम बुधवार को सियान जतन कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में 21 मई को आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच एवं निःशुल्क उपचार की सुविधा प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान पेंशनर क्लब एसोसिएशन एवं सीनियर सिटीजन क्लब के सदस्यों की व्यापक स्वास्थ्य जांच की गई। इस विशेष शिविर में 21 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड एवं आभा आईडी बनाए गए, वहीं 97 वरिष्ठ नागरिकों का बीपी, 49 का शुगर, 33 का हीमोग्लोबिन, 4 का मोतियाबिंद, 17 का ईएनटी नाक, कान, गला तथा 6 व्यक्तियों का गठिया एवं जोड़ संबंधी जांच किया गया। साथ ही विभिन्न बीमारियों से ग्रसित मरीजों को निःशुल्क उपचार एवं दवाइयों का वितरण किया गया।

### इंदौरी मंडल के महामंत्री बने मनोज बंजारे

**हरिभूमि कवर्धा।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय व विधायक श्रीमती भावना बोहरा तथा भाजपा जिला अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी तथा भाजपा इंदौरी मंडल अध्यक्ष खेलेश्वर साहू की अनुशंसा व सहमति से विद्यार्थी परिषद व युवा मोर्चा के विभिन्न पदों में रहे दो बार के सरपंच वर्तमान में उपसरपंच जनपद सदस्य प्रतिनिधि मनोज बंजारे को इंदौरी मंडल के महामंत्री नियुक्त किया गया।

# पीएम श्री विद्यालय में विद्यार्थियों को दी गई इलेक्ट्रॉनिक व हार्डवेयर की बुनियादी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत संचालित व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बोड़ला में व्यवसायिक प्रशिक्षक विमल यादव द्वारा विद्यार्थियों को इलेक्ट्रॉनिक और हार्डवेयर से जुड़ी बेसिक तकनीकी जानकारी एवं कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान विद्यार्थियों को निम्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रायोगिक गतिविधि कराकर समझाया गया जैसे बिजली के प्रकार और ट्रांसफार्मर की कार्यप्रणाली जानकारी, प्रिंटेड सर्किट बोर्ड के उपयोग और संरचना को विस्तार से समझाया गया, रेजिस्टेंस, कैपेसिटर और डायोड जैसे इलेक्ट्रॉनिक घटकों का कार्य और पहचान कराई गई तथा विद्यार्थी एलईडी लाइट रिपेयरिंग की प्रक्रिया सीखी एवं सभी विद्यार्थियों ने प्रैक्टिकल सत्र में सोल्डरिंग की तकनीक का अनुभव किया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान प्रदान कर पढ़ाई के साथ स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ना है, ताकि वे भविष्य में स्वयं का कार्य प्रारंभ कर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो सकें। विद्यालय के व्यावसायिक प्रशिक्षकों द्वारा नियमित रूप से विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे उनमें आत्मविश्वास और तकनीकी दक्षता विकसित हो, यह कार्यक्रम न केवल कौशल विकास को बढ़ावा दे रहा है, बल्कि वोकैशनल एजुकेशन को रोजगारमुखी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

# अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी गिरोह की जड़ तक पहुंची कबीरधाम पुलिस, मुख्य आरोपी उड़ीसा से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम पुलिस ने अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी



गिरोह की जड़ तक पहुंचकर गांजा तस्करी के इस मामलें में पुलिस नें एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं पंकज पटेल, एसडीओपी पंडरिया भूपत भूपेन्द्र साहू एवं एसडीओपी बोड़ला अखिलेश कौशिक के मार्गदर्शन में कबीरधाम पुलिस द्वारा अंतर्राज्यीय स्तर पर सक्रिय मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध एक और बड़ी सफलता प्राप्त की गई है। 07 मार्च 2025 को थाना कुकदूर पुलिस द्वारा उड़ीसा राज्य के कोरापुट जिले के ग्राम सानदुबली निवासी आरोपी दुल्लब बिसोई पिता सुभाष बिसोई आयु 21 वर्ष को टाटा एस वाहन क्रमांक सीजी 17 केएल 4453 में अवैध रूप से लगभग 60 किलो ग्राम गांजा परिवहन करते पकड़ा गया था। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। प्राथमिक पूछताछ और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर उत्तरप्रदेश राज्य के मिर्जापुर जिले के थाना जिगना अंतर्गत ग्राम भिलगौर निवासी आरोपी दयाशंकर यादव पिता छोटेलाल यादव आयु 51 वर्ष की भूमिका भी इस संगठित तस्करी में उजागर हुई, जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया और वर्तमान में वह न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल कवर्धा में निरुद्ध है। मामले में आगे की गहन पूछताछ में आरोपी दुल्लब बिसोई ने यह खुलासा किया कि वह गांजा अपने गांव के समीप रहने वाले परसुराम भतरा उर्फ सूरजो उर्फ विद्याधर बत्रा के कहने पर रायपुर लेकर जा रहा था, जहां उसे यह अवैध मादक पदार्थ दयाशंकर यादव को सौंपना था। विवेचना में प्राप्त ठोस साक्ष्यों एवं संकलित तकनीकी डाटा के आधार पर आरोपी परसुराम भतरा को कबीरधाम पुलिस की टीम ने ओड़िसा जाकर हिरासत में लिया गया और पूछताछ के उपरांत उसकी सीधी संलिप्तता प्रमाणित होने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे 28 मई तक के लिए न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### नीम इको क्लब ने भोरमदेव में लगाया नेचर कैंप

**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिमरा नीम इको क्लब के छात्र-छात्राओं ने विगत दिनों भोरमदेव में नेचर कैंप का आयोजन किया। वहीं प्रधान अध्यापक दिलीप सिंह ठाकुर ने नेचर कैंप से बच्चों को प्रकृति प्रदत्त अमूल्य संपदा एवं पर्यावरण के प्रति विशेष जिम्मेदारी की। साथ ही साथ भावना मानव जीवन का प्रकृति के साथ परस्पर निर्भरता, पर्यावरण के प्रति विशेष संरक्षण की भावना शुद्ध करने नेचर कैंप का आयोजन किया गया। स्कूल में अध्यनरत 80 छात्राओ को आठ समूह में बांटकर शिक्षकों ने प्रकृति के अध्ययन करने शिक्षक विष्णुदत्त कौशिक ने वन संपदा एवं औषधि पौधों जिसमें शतावर बेलवा घाट की काली मूसली अन्य जड़ी-बूटियां से बच्चों को परिचित कराकर मानव जीवन में उसका उपयोग को विस्तार पूर्वक समझाया। वहीं शिक्षक दिलीप कुमार नागवंशी ने सकरी नदी के उद्गम स्थल जल प्रवाह एवं जल के महत्व को चित्रित किया। शिक्षिका श्रीमती नीलिमा तिवारी ने मानव जीवन में पर्यावरण का महत्व वनों से लाभ को प्रतिपादित किया। शिक्षिका मल्टी चंद्रवंशी ने प्रकृति में वायु की उपलब्धता एवं शुद्धता एवं विभिन्न गैसों की मानक उपलब्धिया की जानकारी देते पर्यावरण संरक्षण के विविध आयाम को छात्रों के बीच रखा। शिक्षक शक्ति वन दास राय ने पर्यावरण की स्वच्छता बनाए रखना कचरो के उचित निपटा न के बारे में विस्तृत जानकारी इको क्लब के कार्यक्रम में अपना अनुभव शेयर किया। प्रधान अध्यापक ने इको क्लब के पदाधिकारी को पर्यावरण संरक्षण की सामूहिक शपथ भी दिलाई गई, भोरमदेव स्थित माइकल श्रेणी पर्वत के इतिहास वनों की उपलब्धता एवं जंगल सफारी एवं वन्य जीवों के बारे में विस्तर पर छात्रों को नोटबुक में लिखित रूप से नोट करवाते हुए चित्रकला शिविर में विविध प्रतियोगिताएं संपन्न कराने शिक्षकों एवं छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित की राज्य गीत के सामूहिक गान के पश्चात नेचर कैंप का समापन किया गया।

### सैहामालगी से मरका सड़क पर मुरूमीकरण शुरू

**कवर्धा।** सैहामालगी से मरका के बीच मुरुम सड़क के लिए जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी ने दिए 6 लाख 50 हजार रूपए जिले के विकासखण्ड पंडरिया और कवर्धा को जोड़ने के लिए अति महत्वपूर्ण सड़क की आधारशिला रखने मुरमीकरण करने जिला पंचायत कबीरधाम से राशि जारी की गई है। इस मार्ग के बनने से दर्जनों गांव मुख्य मार्ग से जुड़ेंगे जिससे लोगो को आने जाने में सुविधा मिलेगी जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी ने बताया कि सैहामालगी से मरका के बीच सड़क निर्माण के लिए क्षेत्र के दर्जनों गांव के लोग वर्षो से मांग कर रहे थे। सैहामालगी सहित क्षेत्र के दर्जनों गांवों के लोगों को इसी रास्ते से मरका सहित पिपरिया और जिला मुख्यालय आना जाना पड़ता है।

# पेयजल की समस्या को लेकर बोर मोटर लगाने अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

- क्षेत्र के जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने की जरूरत।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया




नगर पालिका पंडरिया के वार्ड क्रमांक 12 मे पूर्व सें बोर खनन कर मोटर पम्प लगाने के लिए कांग्रेस पार्षद छाया, अखिलेश सिंह ठाकुर एवं कांग्रेस नेता ललित देवांगन के साथ वार्डवासियों ने एकमत होकर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। मिली जानकारी के अनुसार नगर पालिका परिषद पंडरिया के वार्ड क्रमांक 12 मे पेयजल की भारी किल्ल्त व परेशानियों को देखते हुए उक्त वार्ड मे दीपांशु द्विवेदी के घर के पास पेयजल सप्लाई के लिए पूर्व सें एक नया बोर का खनन हुआ, लेकिन नगर पालिका प्रशासन उक्त बोर पर मोटर पम्प लगाने मे भारी उदासीनता रवैय्या व अनदेखी के कारण वार्ड़ वासियों को पेयजल की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर नगर पालिका पंडरिया के वार्ड़ क्रमांक 12 के रहवासियों ने अनुविभागीय अधिकारियों व जिम्मेदारो को इस ओर ध्यान देने की अपील की गई।

## पेज 13 के शेष

### राष्ट्रीय छात्रवृत्ति के लिए ...

द्वारा बच्चों से फॉर्म नामांकन जमा कराए गए थे तथा प्रधान पाठक एवं शिक्षक साथ ही साथ संकुल समन्वयक की महती क्रियान्वयन के तहत 1106 बच्चों को उक्त परीक्षा में सम्मिलित कराया गया था। जिसमें से लगभग 329 बच्चे सफल हुए एवं 57 बच्चे उक्त परीक्षा में छात्रवृत्ति पाने में चयनित हुए। इस राशि के माध्यम से बच्चे आगे चलकर अपनी पढ़ाई से संबंधित विभिन्न आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकेंगे।

### बच्चों को तार्किक एवं कौशल शिक्षा ....

किया गया। साथ ही साथ संबंधित प्रधान पाठक शिक्षक एवं संकुल समन्वयक जिन्होंने बहुत ही तल्लीनता पूर्वक लगातार एक ग्रुप के माध्यम से इन बच्चों को राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य परीक्षा के विभिन्न बिंदुओं से अवगत कराते हुए लगातार टेस्ट का आयोजन किया। यह टीम वर्क का ही परिणाम है। ग्रुप के मुख्य संचालन करता सुरेंद्र पटेल ने बताया कि इस सत्र में गर्मी की छुट्टी से ही 100 शिक्षकों का व्हाट्सएप ग्रुप बना लिया गया था। जिसमें बच्चों को ऑनलाइन टेस्ट एवं तैयारी के लिए जरूरी पदार्थ दिए जाते थे। ऑफलाइन भी मॉक टेस्ट लिया गया। परीक्षा के लिए ग्रुप का संचालन सुरेंद्र पटेल, संकुल समन्वयक बारगांव, ओम प्रकाश साहू संकुल समन्वयक देवरी, केवरा सेन शिक्षिका शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कंडरका राजेश यादव प्रधान पाठक एवं समस्त संकुल समन्वयक तथा शिक्षकों के माध्यम से के माध्यम से संपन्न हो रहा था। इनके द्वारा लगातार बच्चों को एक ग्रुप के माध्यम से प्रश्न उपलब्ध कराए जाते थे। उन प्रश्नों का उत्तर बच्चे दिया करते थे। और लगातार वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों को देते हुए बच्चों की बुद्धि लब्धि और उनकी तार्किक क्षमता को बढ़ाने के लिए लगातार इनके द्वारा मोटिवेशन किया जाता था। बीते वर्षों में भी लगभग 55 बच्चों का चयन विकासखंड बेरला से हुआ था। एवं इनके माध्यम से इनको उस आयाम तक पहुँचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। जिसकी बदौलत आज यह बच्चे सफल होते हुए। प्रमुख रूप से बारगांव स्कूल से 6, देवरी से 6, आनंदगांव संकुल से 4, कुसमी से 4, बच्चे का चयन हुए हैं। इसी कंडरका 4, सांकरा से 4, इस प्रकार कुल बेरला से 31 स्कूल के 57 बच्चे चयनित हुए है। शिक्षकों और पालकों में परिणाम और जिले को मिली सीट को लेकर गहरी नाराजगी है। जो परिणाम प्राप्त हो रहे हैं उसमें शिक्षकों की कक्षा से बाहर मेहनत करने से प्राप्त हुआ है इसके लिए शिक्षक पलकों के साथ बैठकर ऑनलाइन के लिए बच्चों को तैयार करते हैं ग्रामीण क्षेत्र में कई तरह की आसुविधाओं का सामना करते हैं लेकिन जिस तरह से जिलेवार सीटों का बंटन हुआ है और जो मेरिट सूची बनाई गई है उसमें बहुत अस्पष्टता दिखाई दे रही है सरगुजा, कांकेर, बलोदा बाजार, दुर्ग जैसे जिलों को देखकर लगता है कि उनके लिए वरदान साबित हुआ है। सीटों का बंटन का आधार पालक और शिक्षकों को पता चलना चाहिए। इस बार हमारे जिले में बच्चों का अंक चयन में 20 से 25 अंक तक उछाल हुआ है। नहीं तो 100 से अधिक बच्चे उत्तीर्ण होते। मेहनत के अनुरूप सीट नहीं मिलने और बच्चों के पास नहीं होने से निराशा हुई है। बेमेतरा जिले के साथ अन्याय हुआ है। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ बेमेतरा के माध्यम से लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर को पत्र लिखा गया है और इस समस्या को दूर कर स्पष्ट करने की अनुग्रह की गई है कि जिलों को किस आधार पर कितने सीट दी गई है जिन जिलों में बच्चे नहीं है उनकी सीट को किस जिले को किस आधार पर बंटित किया गया है यह जानने का अधिकार शिक्षकों को भी है और पालकों को भी है। पिछले वर्ष से अलग ही तरह का मेरिट लिस्ट तैयार किया गया है जो किसी के समझ में नहीं आ रहा है इसे और स्पष्ट करने की आवश्यकता है। तभी शिक्षकों में आगे कार्य करने की उच्च उत्सुकता को बरकरार रखा जा सकता है।

### प्री बीएड एवं प्री डीएलएड की परीक्षा ...

परीक्षा में बैठने नहीं दिया गया। सभी परीक्षा केन्द्रों में प्रथम पाली में प्रातः 10:00 बजे और द्वितीय पाली में दोपहर 2:00 बजे के बाद प्रवेश नहीं दिया गया। परीक्षार्थियों के लिए मोबाइल एवं अन्य डिजिटल डिवाइस पूर्णतः प्रतिबंधित थे। शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा के केंद्राध्यक्ष ठाकुर दास जांगड़े ने बताया कि उनके परीक्षा केन्द्र में हुई दोनों पालियों की परीक्षाएं शांति एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। बैठक व्यवस्था 12 कमरों में की गई थी। पहली पाली में हुई प्री बीएड की परीक्षा में कुल 360 परीक्षार्थी में से 248 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जबकि 112 अनुपस्थित रहे। जबकि द्वितीय पाली में प्री डीएलएड की परीक्षा में 360 में 282 उपस्थित रहे जबकि 78 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। परीक्षा केन्द्रों से बाहर निकले परीक्षार्थियों ने भी प्रश्न पत्र के संबंध में मिली जुली प्रतिक्रिया व्यक्त की। बहुत से परीक्षार्थियों का कहना है कि प्री बीएड की परीक्षा अपेक्षाकृत कठिन, जबकि प्री डीएलएड परीक्षा दिलाने के बाद निकले परीक्षार्थियों के चेहरे में प्रसन्नता की लहर थी। इसी तरह से स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय कन्या बेमेतरा की प्राचार्य और केंद्राध्यक्ष कविता बाजपेयी ने बताया कि उनके यहाँ पहली पाली में प्री बीएड की परीक्षा में 360 परीक्षार्थी में से 248 उपस्थित रहे और 112 अनुपस्थित रहे, वहीं दूसरी पाली में प्री डीएलएड की परीक्षा में 360 मे से 276 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जबकि 84 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बहेरा कुसमी की प्राचार्य व केंद्राध्यक्ष लक्ष्मी सिंह ने बताया कि उनके यहां पहली पाली में प्री बीएड की परीक्षा में 360 में से 227 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 133 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार द्वितीय पाली की परीक्षा प्री डीएलएड में 360 में से 251 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 109 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। केंद्राध्यक्ष लक्ष्मी सिंह ने बताया कि कल 15 कमरों में परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई थी। यहां भी परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। सभी परीक्षा केन्द्रों में दोनों पालियों की परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई।

### क्लब फुट से पीड़ित ...

पंडरी, रायपुर रेफर किया गया। जहां हड्डी रोग विशेषज्ञों की निगरानी में भास्कर के पैरों में आठ सप्ताह तक नियमित प्लास्टर चढ़ाया गया। इसके बाद 22 जनवरी 2025 को टेनोटॉमी नामक शल्य चिकित्सा की गई, जिससे उसकी एड़ी की अकड़ी हुई नसों को ढीला किया गया। ऑपरेशन के पश्चात भास्कर को विशेष जूते भी प्रदान किए गए ताकि उसका इलाज स्थायी रूप से सफल हो सके।

### बालिकाओं के लिए ...

शारीरिक आत्मरक्षा की तकनीकें सिखाई जा रही हैं, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी मजबूत किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी चन्द्रबेश सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में बड़ी संख्या में इच्छुक किशोरी बालिकाओं ने भाग लिया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं को संभावित खतरों से निपटने हेतु सजग एवं समर्थ बनाना है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रतिभागी बालिकाओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किए जाएंगे। आगामी दिनों में जिले के अन्य ग्रामों में भी इसी प्रकार के आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाने की योजना है, जिससे अधिक से अधिक बालिकाएं लाभान्वित हो सकें।

### अटल परिसर ...

जिससे जन नेता के प्रति लगाव रखने वाले व्यक्ति की भावना को भी ठेस नगर पंचायत के द्वारा पहुचाई जा रही है।

### स्थल का चयन ...

फायदा पहुंचाने मिलीभगत कर निर्माण कार्य किया जाएगा। नगर पंचायत इंजीनियर संजय मोटवानी का कहना है की स्थानीय राजनीतिक गतिरोध के चलते कार्य रुका हुआ था जिसे अब सुलझा लिया गया है। तो वही लगभग 14 साल पहले अतिक्रमण के चपेट में आए गरीब फुटकर व्यापारी का कहना है की हम 14 साल से इस कालखंड में चार अध्यक्ष से सिर्फ व्यवस्थापन के नाम पर आश्वासन ही मिला, नवनिर्वाचित अध्यक्ष के ऊपर भरोसा था की व्यापारिक दृष्टिकोण से उचित बस स्टैंड में दुकान बनाकर नगर पंचायत के द्वारा हम चपेट में आए गरीब छोटे-छोटे दुकानदार को दिया जाएगा लेकिन उसे स्थल पर अटल परिसर के बनने से अब हमारा भरोसा नगर पंचायत से उठ चुका है आगे जीवन यापन एवं भूखे मरने की स्थिति से गुजरना पड़ेगा।

### बच्चों की छिपी प्रतिभा को ...

प्रमाण पत्र वितरित किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि बच्चे स्वभाव से शर्मीले होते हैं, लेकिन ऐसे शिविर उनके आत्मबल को मजबूती देते हैं। हमें शिक्षा को खेल की तरह लेना चाहिए ताकि बच्चे बोझ महसूस न करें और मजे के साथ सीखें। उन्होंने सभी प्रशिक्षकों, आयोजकों और विद्यालय परिवार को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद रवि मुलवानी, विकास तंबोली, बीईओ अरुण खरे , बीआरसी राजेंद्र साहू, प्राचार्य थानेश्वर साहू, शिक्षक राजेंद्र दांडिया, सीता निषाद, अरविंद कुमार, आनंद ,शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष दुर्गेश पटेल, उपाध्यक्ष देवेंद्र साहू, सदस्य बालहरी देवांगन, राकेश मेघवानी, पुष्पा डेहरे, अंजु यादव, संजय देवांगन, सोनिया सिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में पालक, विद्यार्थी और स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे।

### खाद्य विभाग ने मौके पर प्राप्त 15 आवेदनों का 15 मिनट में किया निराकरण

# आवेदनों को उलझाएंगे नहीं, समाधान शिविर ने बदली प्रशासनिक तस्वीरः खाद्यमंत्री बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर गुरुवार नवागढ़ विकासखंड के ग्राम नांदघाट में एक उत्सव के रूप में संपन्न हुआ। हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान में आयोजित इस शिविर में खाद्य मंत्री दयालदास बघेल मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल रहे और उन्होंने हितग्राहियों को योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ प्रदान किया। कलेक्टर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मंत्री का स्वागत किया और बताया कि सुशासन तिहार का पहला चरण 8 से 11 अप्रैल तक आयोजित हुआ, जिसमें जिलेभर से 1,40,780 आवेदन समाधान पेटियों के माध्यम से प्राप्त हुए थे। अब दूसरे चरण में इन आवेदनों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जा रहा है।

नांदघाट क्लस्टर में प्राप्त 4,000 से अधिक आवेदनों का शिविर में समाधान किया गया। मौके पर ही राशन कार्ड से जुड़ी 15 समस्याओं का निपटारा 15 मिनट में किया गया — चाहे वह नाम जोड़ना हो या सुधार। यह व्यवस्था दर्शाती है कि अब लोगों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

## 14 गाँवों की भागीदारी योजनाओं की भरमार

शिविर में मगरघटा, तरपोंगी, सेमरिया, खपरी, मुर्रा, एरमशाही, टोहड़ी, केशला, मेंहना, इटई, कुंरा, मल्दा, धोबघट्टी सहित 14 ग्रामों से बड़ी संख्या में ग्रामीणजन पहुँचे। समस्याओं का समाधान मौके पर संबंधित विभागों द्वारा किया गया, साथ ही योजनाओं की जानकारी साझा की गई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रह्लाद रजक, जिला पंचायत सभापति अंजू बघेल, सीईओ टेकचंद्र अग्रवाल, अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, एसडीएम दिव्या पोटाई सहित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की उपस्थिति थे ।

श्री बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में यह अभियान "सरकार आपके द्वार" की भावना को साकार कर रहा है। उन्होंने कहा छोटी छोटी समस्याओं ,मांग व शिकायत संबंधी निराकरण के लिए आवेदनकर्ता को और न आवेदन दौड़ायेंगे (दप्तरोंके चक्कर ) नहीं काटने होंगे । स्वयं अधिकारी आवेदनों के संबंध में स्वय शिविर में जानकारी दे रहे है । यानी समाधान शिविर ने बदली प्रशासनिक तस्वीर बदल गयी है ।

हर ग़रीब का सरकारी योजना का लाभ दिलाना सरकार का काम है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इसे पूरा कर रहे है ।उन्होंने कहा कि 1460 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र प्रारंभ किए गए हैं। आने वाले 6 महीने में 5 हजार पंचायतों में इनकी स्थापना की जाएगी और जल्द ही सभी पंचायतों में इन सुविधा केन्द्रों की स्थापना होगी। इन केन्द्रों में हितग्राही महतारी वंदन योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी योजनाओं की राशि का आहरण कर सकेंगे और आय, जाति प्रमाण पत्र आदि बनवा सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भूमि के पंजीयन में अनेक रिफॉर्म किए गए हैं। अब रजिस्ट्री करते ही नामांतरण का काम हो जाएगा ये बहुत बड़ा रिफॉर्म है। रजिस्ट्री की प्रक्रिया को पारदर्शी और सुगम बनाया गया है।

मंत्री श्री बघेल ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। साथ ही मुख्यमंत्री चिरायु योजना के अंतर्गत रेहान सिंह और तृषा साहू को सफल इलाज के प्रमाणपत्र सौंपे। दिल और कान की जटिल बीमारियों का इलाज हुआ — जिससे उनके अभिभावकों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार जताया।

### जिलेभर से 1,40,780 आवेदन समाधान पेटियों के माध्यम से प्राप्त हुए



### मंत्री की अपील

मंच से मंत्री श्री बघेल ने क्षेत्र के किसानों से अपील की कि गर्मी के मौसम में जल संकट को देखते हुए धान की बजाय कम पानी वाली फसलें जैसे चना, गेहूँ, और दलहन बोएँ। साथ ही, पंच-सरपंचों को निर्देशित किया गया कि ज़रूरत पड़ने पर पानी टैंकर के माध्यम से मोहल्लों में जल आपूर्ति सुनिश्चित करें।

**अतिक्रमण हटाने का अल्टीमेटमः** मंत्री ने कहा कि बताए और शिकायत अनुसार 10 दिनों के भीतर नवागढ़ क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पूरी की जाए। सुशासन तिहार सिर्फ उत्सव नहीं, बल्कि नीति, नीयत और परिणाम का उत्सव है।

# भाजपा सरकार कर रही संविधान का दुरुपयोग : बघेल



■ जिला कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली में भूपेश बघेल शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरूवार को जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कबीरधाम जिले के ग्राम पोंड़ी से संविधान बचाओ यात्रा का भव्य शुभारंभ किया गया। इससे पूर्व ग्राम पोंड़ी में एक विशाल आम सभा का आयोजन किया गया।

जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा संगठन प्रभारी पदम कोठारी तथा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरीराम साहू सहित सभी ब्लॉक अध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदधिकारी उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि केन्द्र सरकार भारत के संविधान का दुरूपयोग कर कर रही है। संविधान के तहत शासन को मिली शक्तियों का अपने स्वार्थ के लिए दुरूपयोग कर कांग्रेस के साथ दूसरे विपक्षी दलों के नेताओं तथा आम लोगों को बेवजह झूठे मामलों में फसाया जा रहा है, उन्हें नोटिस दिया जा रहा है, उनकी गिरफ्तारी कर उन्हें जेल भेजा जा रहा है। वहीं जो इसके खिलाफ आवाज उठा रहा है उनकी आवाज को भाजपा सरकार दबाने का प्रयास कर रही है। लेकिन हमारे नेता राहुल गांधी ने संविधान बचाओ यात्रा का आगाज कर यह बता दिया है कि कांग्रेस न तो झुकने वाली है और न डरने वाली है। श्री बघेल ने कहा की जातिगत जनगणना कांग्रेस की बड़ी जीत है।

राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना की बात की थी, जिसके आगे केंद्र सरकार ने घुटने टेक दिए है और जातिगत जनगणना कराने को तैयार है। महिला आरक्षण बिल की पेशकश सोनिया गांधी ने की थी, जिसे केंद्र सरकार ने लागू कर दिया लेकिन जारी नहीं किया, जातिगत जनगणना का भी आदेश जारी कर दिया है लेकिन इसे लागू कब करेंगे इसका भरोसा नहीं है।

भूपेश बघेल ने यह भी कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार संविधान को बदलने का काम कर रही है। जिसे रोकने के लिए कांग्रेस ने संघर्ष शुरू कर दिया है और इसके तहत शहर से लेकर गांव-गांव और बूथ स्तर पर भी संविधान बचाओ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। भूपेश बघेल सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पहलगाम आतंकी हमला सुरक्षा में बड़ी चूक का परिणाम है। इस आतंकी हमले में 26 लोगों को उनका धर्म पूछकर मौत के घाट उतारा गया है लेकिन अभी तक इस हमले को अंजाम देने वाले आतंकी पकड़े नहीं गए है।

यहां तक की देश के प्रधानमंत्री ने इस आतंकी हमले के पीड़ित परिवारों से मुलाकात की है। श्री बघेल ने केन्द्र की मोदी सरकार के साथ प्रदेश की भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि भाजपा सरकार किसान विरोधी नीति के तहत काम कर रही है। कवर्धा के गन्ना उत्पादक किसानो को समय पर उनकी फसल का भुगतान नहीं मिल पा रहा है। किसान खाद, बीज और बिजली के लिए भटक रहे है लेकिन उन्हें न तो पर्याप्त खाद मिल पा रही है और न ही सरकार किसानो को सुचारू रूप से बिजली आपूर्ति करा पा रही है। उन्होने कहा कि किसानो की आय दोगुनी करने की बात करने वाली भाजपा सरकार की स्थिति ये है कि वह किसानो को उसकी खून पसीने से सींची गई फसल का दाम भी सही समय पर नहीं दे पा रही है।

सभा को संगठन प्रभारी पदम कोठारी, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरीराम साहू सहित कांग्रेस के अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवा दल के कार्यकर्ता, पदाधिकारी सहित सभी ब्लॉक अध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में जिले भर से लोग शामिल थे।

## खबर संक्षेप

### कवर्धा में समाधान शिविर का आयोजन आज

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत प्रथम चरण में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा एक दिवसीय समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर दिनांक 23 मई 2025 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक वीर सावरकर भवन में संपन्न होगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि सभी शाखा प्रभारी अपने-अपने विभागों से संबंधित मांगों, समस्याओं और शिकायतों के निराकरण हेतु शिविर में आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित रहेंगे।

### डेंगू दिवस पर जन जागरूकता अभियान

**कवर्धा।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनजागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के तहत वाद-विवाद, मॉडल एवं चित्रकला प्रतियोगिता, शैक्षिक कार्यशाला, जन-जागरूकता रैली तथा आयुर्वेदिक पौधों का रोपण किया गया। अभियान का उद्देश्य डेंगू की पहचान, रोकथाम एवं निदान के प्रति आमजन को जागरूक करना रहा। इस वर्ष की थीम "जांचें, साफ करें, ढकें डेंगू को हराने के उपाय रही, जिसमें मच्छरों के प्रजनन रोकथाम पर विशेष बल दिया गया।

# अंचल में नहीं थम रहा मौसम का कहर

## बेमौसम बारिश व तूफान से अंचलवासी परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

अप्रैल माह के शुरूआती दिनो से जारी आंधी, तूफान तथा बमौसम बारिश का सिलसिला थमने का नाम नहीं लें रहा है। प्रायः हर रोज अंचल के किसी न किसी हिस्से से बेमौसम बारिश के साथ मौसम के उत्पात की खबरें सामने आ रही हैं। हाल ही में जिला मुख्यालय कवर्धा में भीषण आंधी, तूफान, बारिश तथा ओला वृष्टि के बाद अब मौसम अंचल के सुदूर वनांचल तथा मैदानी ईलाकों में बावरा हो चला है। खबर के मुताबिक बुधवार की शाम जहां कवर्धा नगर में तेज गर्जना के साथ मूसलाधार बेमौसम बारिश देखने को मिली वहीं अंचल के मैदानी व वनांचल ईलाकों में मौसम अचानक बदल गया और आसमान में काले बादल छा गए और देखते ही देखते तेज गर्जना के साथ आंधी तूफान शुरू हो गया। इस बीच तेज बारिश भी हुई। ग्रामीणों ने बताया कि अंचल में मौसम का यह रैवाया काफी दिनो से देखने को मिल रहा है। जिससे ग्रामीणों का जनजीवन अस्त-व्यस्त सा हो गया है। स्थिति ये है कि मौसम बदलते ही लोगों में दहशत छा जाती है कि कब मौसम जीवलेवा न बन जाए क्योंकि इस खराब मौसम में सार्वधिक खतरा गाज गिरने का होता है और दिन के समय अधिकांश वनवासी अपने घरों से बाहर ही होते हैं। अभी कुछ दिन पूर्व ही ऐसी ही बेमौसम बारिश और आंधी तूफान के बीच कवर्धा कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम गांगपुर में कृषक दम्पत्ति की गांज गिरने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। ग्रामीण अंचलों के साथ ही बुधवार को कवर्धा में भी शाम को मौसम में जबरदस्त बदलाव देखा गया। सुबह से खिली तेज धूप के बाद मौसम दोपहर में अचानक बदल गया और आसमान में काले बादलों ने डेरा डाल लिया। ये बादल गरजे भी और जमकर बरसे भी। कवर्धा का ऐसा ही मिजाज दूसरे दिन गुरूवार को भी देखने को मिला। गुरूवार को लगभग पूरे दिन आसमान में बदली छाई रही। कुल मिलाकर देखा जाए मौसम इन दिनो पूरे अंचल में लगातार आफत बरसा रहा है। जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

# पीआईसी बैठक फिर टली, विकास पर फिर लगा विराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/ नवागढ़

■ बैठक में नहीं पहुँचे कोई सदस्य, अकेले पहुंचे अध्यक्ष सिद्धान्त चौहान



नगर पंचायत नवागढ़ की प्रेसिडेंट इन काउंसिल (पीआईसी) की बैठक एक बार फिर बिना किसी निर्णय के खत्म हो गई। बुधवार 22 मई को निर्धारित इस अहम बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष सिंद्धान्त चौहान तो समय पर पहुंचे, लेकिन कोई भी पीआईसी सदस्य उपस्थित नहीं हुआ। इससे नगर के प्रस्तावित विकास कार्यों को फिर से झटका लगा है।

बैठक के बाद टलने के बाद अध्यक्ष चौहान ने नाराजगी जताते हुए कहा कि नगर के विकास कार्यों में जानबूझकर बाधा उत्पन्न की जा रही है। जनता की समस्याएं दिन-ब-दिन बढ़ रही हैं, लेकिन पार्षद और पीआईसी सदस्य राजनीति में उलझे हुए हैं। इस बैठक में अध्यक्ष निधि, पार्षद निधि, सड़कों, नालियों, तालाबों की सफाई और अन्य सार्वजनिक मरम्मत कार्यों को लेकर निर्णय लिया जाना था। लेकिन सदस्यों की अनुपस्थिति के कारण यह संभव नहीं हो सका।

नगरवासियों में अब इस बात को लेकर आक्रोश है कि राजनीतिक खींचतान के कारण बुनियादी सुविधाओं का विकास बार-बार बाधित हो रहा है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस स्थिति में कोई हस्तक्षेप करता है या नहीं।

### बाजार में पहुंचने लगी आचारी आम की खेप

**कवर्धा।** माना जाता है कि बरसात शुरू होने के बाद आम पकने लगता है और वह आचार बनाने योग्य नहीं रह जाता। इन दिनों अंचल में प्रायः हर रोज बारिश हो रही है जिसे देखकर ऐसी संभावना जताई जा रही है कि जल्द ही मानसून सक्रिय हो सकता है।

संभवतः यही वजह है कि हाल के दिनो में हुई बारिश के बाद नगर के बाजार में आचार के आम की अचानक आवक भी बढ़ गई और मांग भी। हालांकि हर बार की तरह इस बार भी विपरीत मौसम की वजह से जिले में आम की पैदावार अच्छी नहीं हुई यही वजह है कि इस समय नगर के बाजार में जो आचार का आम पहुंच रहा है वह बाहरी बताया जा रहा है।

# 10वीं की टापर भावना का किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

अतरझोला निवासी शिक्षक मेघनाथ सोनकर एवं राजेश्वरी सोनकर की पुत्री भावना सोनकर ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में प्रदेश स्तर पर आठवां स्थान एवं सोनकर समाज में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र और समाज का नाम रोशन किया है।

उनकी इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ सोनकर समाज की शिक्षा विकास समिति के प्रदेश सचिव मनोज पुरबिया ने उनके निवास पहुंचकर पुष्पगुच्छ, मिठाई और समाज की पत्रिका सोनकर संचेतना भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर भावना के माता-पिता भी उपस्थित रहे।

मनोज पुरबिया ने कहा कि भावना सोनकर ने यह सिद्ध कर दिया कि परिश्रम और संकल्प से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। समाज को उन पर गर्व है।

बताया गया कि छत्तीसगढ़ सोनकर समाज के मंच के माध्यम से टॉप 10 में स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को समाज के दानदाता संतू लाल सोनकर (मुंगेली) द्वारा 51,000 रुपये नगद एवं गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जाता है। भावना ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों के आशीर्वाद को देते हुए कहा कि मैंने बिना किसी कोचिंग के पढ़ाई की और नियमित अध्ययन एवं आत्मविश्वास के बल पर यह सफलता पाई।

### सुशासन तिहार से मंगल सिंह को मिला श्रवण यंत्र

**कवर्धा।** सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत पण्डरिया विकासखंड के ग्राम सारपानी निवासी मंगल सिंह द्वारा श्रवण यंत्र प्राप्त करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था। समाज कल्याण विभाग ने सुशासन तिहार के अंतर्गत उक्त आवेदन का त्वरित निराकरण करते हुए आवश्यक कार्रवाई की।

एजेन्सी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र बेमेतरा जिला के अंतर्गत नांदघाट में एजेंसी देना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता। सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय, बेमेतरा
रायपुर रोड चाचा प्रॉपर्टी के पास
मो. 8319154342
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 8224868411

### ग्रामीण, युवा और महिलाएं सहित कुल 53 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

# एक दिवसीय ग्रामीण जागरूकता प्रशिक्षण शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बोड़ला




ग्राम सभा की भूमिका और वन अधिकार अधिनियम को लेकर ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए शिखर युवा मंच एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम ग्राम बांटीपथरा में संस्था प्रमुख भूपेश वैष्णव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें ग्राम स्तरीय वन अधिकार समितियों के सदस्य, स्थानीय ग्रामीण, युवा और महिलाएं सहित कुल 53 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्राम सभा की वैधानिक भूमिका को समझाना, सामुदायिक वन संसाधनों के प्रबंधन की प्रक्रिया को स्पष्ट करना तथा वन अधिकार अधिनियम के तहत समुदाय को अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। प्रशिक्षण में बताया गया कि वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत ग्राम सभा को न केवल वनों के संरक्षण और उपयोग के अधिकार प्राप्त होते हैं, बल्कि वह स्वयं नियम बनाकर अपने संसाधनों का प्रबंधन कर सकती है।

ग्राम सभा एक स्वतंत्र संस्था के रूप में कार्य कर सकती है, जो स्थानीय स्तर पर निर्णय ले सकती है और बाहरी हस्तक्षेप से बचाव कर सकती है। कार्यक्रम में महिलाओं की भागीदारी सराहनीय रही। महिला सहभागिता को लेकर अलग सत्र रखा गया, जिसमें बताया गया कि वन अधिकार अधिनियम के तहत महिलाओं को व्यक्तिगत व सामुदायिक अधिकार समान रूप से प्राप्त होते हैं। साथ ही, यह भी स्पष्ट किया गया कि ग्राम सभा की बैठक में महिलाओं की उपस्थिति अनिवार्य है और उन्हें योजना निर्माण तथा निगरानी में सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
03 जून, 22 जुलाई, 12 अगस्त, 09 सितंबर, 07 अक्टूबर, 11 नवम्बर 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मानाभ स्वामी)
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करेंः-7354-411411